आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून उत्तराखण्ड)

बुधवार 23.07.2025 समय 1830

मुख्य समाचार :–

- राजकीय मेडिकल कॉलेज देहरादून और हल्द्वानी में तीमारदारों के लिए विश्राम गृह बनाए जाएंगे। समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर।
- प्रदेश में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के पहले चरण का मतदान कल। सभी तैयारियां पूरी।
- राज्य के विभिन्न जिलों में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच पोलिंग पार्टियां, मतदान केंद्रों के लिए रवाना।
- हरिद्वार में श्रावण मास की शिवरात्रि पर शिवालयों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। कांवड़ मेला सकुशल सम्पन्न।

विश्राम गृह समझौता

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की उपस्थिति में आज सचिवालय में राजकीय दून मेडिकल कॉलेज, राजकीय मेडिकल कॉलेज हल्द्वानी और एक संस्था के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। समझौते के तहत संस्था, दोनों मेडिकल कॉलेजों में तीमारदारों के लिए विश्राम गृहों का निर्माण करेगी। मेडिकल कॉलेजों में 350 बिस्तरों की क्षमता वाले विश्राम गृहों का निर्माण प्रस्तावित है। इन विश्राम गृहों में रात्रि विश्राम के लिए शयनागार में 55 रुपए प्रति बिस्तर और दो बिस्तरों वाले कमरे 300 रुपए प्रति कक्ष की दर से उपलब्ध कराए जाएंगे। साथ ही सस्ती दरों पर 20 रुपए में नाश्ता और 35 रुपए में भोजन उपलब्ध कराया जाएगा। विश्राम गृहों का संचालन और रख–रखाव संस्था करेगी। दोनों मेडिकल कॉलेजों की ओर से विश्राम गृहों के निर्माण के लिए भूमि प्रदान की जाएगी। यह साझौता आगामी 20 वर्षों के लिए वैध रहेगा।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि इन मेडिकल कॉलेजों में तीमारदारों के लिए विश्राम गृह बनने से बड़ी सुविधा होगी। उन्होंने संस्था से किच्छा स्थित एम्स सैटेलाइट सेंटर में भी यह व्यवस्था करने की बात कही, जिस पर संस्था ने सहमति व्यक्त की। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए राज्य सरकार निरंतर प्रयासरत है।

राज्य निर्वाचन आयोग

प्रदेश में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के पहले चरण में कल होने वाले मतदान के लिए राज्य निर्वाचन आयोग ने सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। आयोग के सचिव राहुल कुमार गोयल ने बताया कि शांतिपूर्ण और सुरक्षित मतदान के लिए व्यापक इंतजाम किए गये हैं। उन्होंने बताया कि प्रदेश में हो रही बारिश को देखते हुए आयोग ने वैकल्पिक योजना तैयार की है। साथ ही चुनाव पर नजर रखने और पल–पल की अपडेट के लिए कंट्रोल रूम बनाया है।

चुनाव/पुलिस तैयारी

त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के लिए पुलिस की ओर से भी सुरक्षा के व्यापक बंदोबस्त किए गए हैं। पुलिस महानिरीक्षक, कानून व्यवस्था, नीलेश आनंद भरणे ने बताया कि प्रदेश में कल मतदान के लिए 5 हजार 823 बूथ बनाए गए हैं। इनमें लगभग दो हजार संवेदनशील और अति संवेदनशील हैं। उन्होंने बताया कि सुरक्षा व्यवस्था के लिए 20 हजार से अधिक पुलिस बल, होमगार्ड और पीआरडी जवानों आदि की तैनाती की गई है।

पोलिंग पार्टी

प्रदेश के विभिन्न जिलों में आज पोलिंग पार्टियों को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच मतदान केंद्रों के लिए रवाना किया गया। बागेश्वर जिले के तीनों विकासखंडों– बागेश्वर, कपकोट और गरुड़ से आज 405 पोलिंग पार्टियां, मतदान केंद्रों के लिए रवाना की गईं। जिला निर्वाचन अधिकारी आशीष भटगांई और पुलिस अधीक्षक चंद्रशेखर घोड़के ने मतदान स्थलों, स्ट्रांग रूम, सामग्री वितरण केंद्रों और मतगणना स्थलों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की समीक्षा की। अल्मोड़ा जिले के ताकुला, धौलादेवी, ताड़ीखेत, भैंसियाछाना, लमगड़ा और चौखुटिया विकासखंडों में कल होने वाले मतदान के लिए आज 649 पोलिंग पार्टियां रवाना हुई। जिला निर्वाचन अधिकारी आलोक कुमार पांडे ने बताया कि मतदान के लिए सभी व्यवस्थाएं पूरी कर ली गई हैं।

पौड़ी, रुद्रप्रयाग, टिहरी, ऊधमसिंह नगर और चम्पावत सहित राज्य के अन्य जिलों में भी आज पोलिंग पार्टियों को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच रवाना किया गया। गौरतलब है कि पंचायत चुनाव के दूसरे चरण का मतदान 28 जुलाई को होगा और दोनों चरणों की मतगणना 31 जुलाई को होगी।

कांवड़ मेला सम्पन्न

हरिद्वार में श्रावण मास की शिवरात्रि पर शिवालयों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। श्रद्धालुओं ने भगवान शिव का पूजन–अर्चन और जलाभिषेक कर सुख–समृद्धि की कामना की। इसी के साथ 11 जुलाई से चला आ रहा कांवड़ मेला भी आज सकुशल सम्पन्न हो गया। जानकारी के अनुसार कांवड़ यात्रा काल में चार करोड़ से ज्यादा शिवभक्त गंगाजल भरकर अपने गंतव्यों की ओर रवाना हुए। वहीं, शिवालयों में भीड़ को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए थे। सावन की शिवरात्रि पर धर्मनगरी बम–बम भोले के जयघोष से गूंजायमान रही। शिव शंकर की ससुराल दक्षेश्वर महादेव में देर रात से ही भक्तों का सैलाब उमड़ने लगा। वहीं, श्री बिल्वकेश्वर महादेव मंदिर में भी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भगवान का जलाभिषेक किया। बिल्वकेश्वर महादेव मंदिर वही स्थान है, जहां माता पार्वती ने भगवान शिव को पति रूप में पाने के लिए हजारों वर्ष तपस्या की थी। इसके अलावा हरिद्वार के सभी प्रमुख शिवालयों में भक्तों की खासी भीड़ रही।

सावन

सावन मास की काली चतुर्दशी पर बागेश्वर जिले में काल भैरव मंदिर समेत तमाम शिवालयों में आज सुबह से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। भक्तों ने सरयू–गोमती संगम में स्नान कर शिवालयों में जलाभिषेक किया और पूजा–अर्चना की। काली चतुर्दशी के पावन अवसर पर श्रद्धालुओं ने व्रत रखे और भजन–कीर्तन में भाग लिया। काल भैरव मंदिर में विशेष आयोजन हुआ। पंडित हेम जोशी ने बताया कि यह दिन शिव भक्तों के लिए अत्यंत फलदायी माना गया है।

भारतीय मानक ब्यूरो

भारतीय मानक ब्यूरो– बीआईएस, देहरादून शाखा कार्यालय की ओर से आज देहरादून में मानक मंथन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसका उद्देश्य औषधीय पैकेजिंग के लिए एल्युमिनियम व एल्युमिनियम मिश्रधातु फॉइल– विनिर्देश पर विभिन्न हितधारकों के साथ विचार–विमर्श करना था। इस अवसर पर बीआईएस के निदेशक सौरभ तिवारी ने कहा कि औषधीय उत्पादों की गुणवत्ता और सुरक्षा सीधे तौर पर पैकेजिंग मानकों से जुड़ी होती है। उन्होंने कहा कि बीआईएस का प्रयास है कि फार्मा इंडस्ट्री, परीक्षण प्रयोगशालाएं, तकनीकी विशेषज्ञ और नियामक संस्थाएं एक मंच पर आकर मानकों को अधिक व्यावहारिक, सुरक्षित और समसामयिक बनाएं। कार्यक्रम में उद्योग प्रतिनिधियों, विशेषज्ञों, फार्मा पैकेजिंग कंपनियों और फार्मा प्रशिक्षण विश्वविद्यालयों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।